# 2019 (A)

# सामाजिक विज्ञान

## प्रथम पाली (First Sitting)

समय : 2 घंटे 45 मिनट ]

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश : [ पूर्णांक : 80

1. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
2. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
3. उत्तर देते समय परीक्षार्थी यथासंभव शब्द-सीमा का ध्यान रखें।
4. इस प्रश्न-पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
5. यह प्रश्न-पत्र दो खण्डों में है— **खण्ड-अ** एवं **खण्ड-ब**।
6. **खण्ड-अ** में 40 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। (प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित है), इनका उत्तर उपलब्ध कराये गये OMR-शीट में दिए गए सही वृत्त को काले/नीले बॉल पेन से भरें। किसी भी प्रकार के व्हाइटनर/तरल पदार्थ/ब्लेड/नाखून आदि का उत्तर पत्रिका में प्रयोग करना मना है, अथवा परीक्षा अमान्य होगा।
7. **खण्ड-ब** में सामाजिक विज्ञान के अंतर्गत कुल 5 विषयों के 19 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। (प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।)
   इतिहास में कुल 5 प्रश्न (प्रश्न-संख्या 1 से 5) हैं जिनमें से किन्हीं 3 प्रश्नों का उत्तर दें।
   राजनीति विज्ञान में कुल 6 प्रश्न (प्रश्न-संख्या 8 से 13) हैं जिनमें से किन्हीं 2 प्रश्नों का उत्तर दें।
   अर्थशास्त्र में कुल 3 प्रश्न (प्रश्न-संख्या 16 से 18) हैं जिनमें से किन्हीं 2 प्रश्नों का उत्तर दें।
   भूगोल में कुल 5 प्रश्न (प्रश्न-संख्या 21 से 25) हैं जिनमें से किन्हीं 3 प्रश्नों का उत्तर दें।
   आपदा प्रबंधन में कुल 4 प्रश्न (प्रश्न-संख्या 28 से 31) हैं जिनमें से किन्हीं 2 प्रश्नों का उत्तर दें।
   इनके अतिरिक्त, इस खण्ड में 8 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (प्रश्न-संख्या 6, 7, 14, 15, 19, 20, 26 एवं 27) दिए गए हैं। प्रत्येक के लिए 4 अंक निर्धारित हैं। इतिहास, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र एवं भूगोल में से एक-एक प्रश्न का चयन अनिवार्य है।

## खण्ड-अ (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

प्रश्न-संख्या 1 से 40 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिये गये हैं, जिनमें से एक सही है। अपनी द्वारा चुने गये सही विकल्प को OMR-शीट पर चिन्हित करें। 40 × 1 = 40

1. सविनय अवज्ञा आंदोलन किस यात्रा से शुरू हुआ?
   (A) 1920, भुज
   (B) 1930, अहमदाबाद
   (C) 1930, दांडी
   (D) इनमें से कोई नहीं

A ONLINE SOLUTION

2. जलियाँवाला बाग हत्याकांड, कब हुआ?
(A) 13 अप्रैल, 1919 (B) 14 अप्रैल, 1919
(C) 15 अप्रैल, 1919 (D) 16 अप्रैल, 1919

3. 'वेदों की ओर लौटो' नारा किसने दिया था?
(A) राम कृष्ण परमहंस (B) स्वामी विवेकानन्द
(C) स्वामी दयानन्द सरस्वती (D) इनमें से कोई नहीं

4. किसने कहा, "बिहार के विकास के बिना भारत का विकास संभव नहीं है।"?
(A) डॉ॰ ए॰पी॰जे॰ अब्दुल कलाम (B) नरेन्द्र मोदी
(C) डॉ॰ राजेन्द्र प्रसाद (D) इनमें से कोई नहीं

5. बोलीविया में जनसंघर्ष का मुख्य कारण था
(A) पानी की कीमत में वृद्धि (B) खाद्यान्न की कीमत में वृद्धि
(C) पेट्रोल की कीमत में वृद्धि (D) इनमें से कोई नहीं

6. टाटा आयरन एण्ड स्टील कम्पनी की स्थापना की गई
(A) 1854 में (B) 1907 में (C) 1915 में (D) 1923 में

7. गुटेनवर्ग का जन्म हुआ था
(A) अमेरिका में (B) जर्मनी में (C) जापान में (D) इंग्लैण्ड में

8. वर्तमान में नेपाल की शासन-प्रणाली क्या है?
(A) लोकतंत्र (B) राजतंत्र (C) सैनिकतंत्र (D) इनमें से कोई नहीं

9. 'वार एंड पीस' किसकी रचना है?
(A) कार्ल मार्क्स (B) लियो टॉलस्टॉय (C) दोस्तोयेव्स्की (D) ऐंजल्स

10. किसने कहा—"संसाधन होते नहीं, बनते हैं।"?
(A) जिम्मरमैन (B) महात्मा गाँधी (C) संदीप पांडेय (D) इनमें से कोई नहीं

11. सुनामी कहाँ आती है?
(A) स्थल (B) समुद्र (C) आसमान (D) इनमें से कोई नहीं

12. अंगकोरवाट के मंदिर का निर्माण किस शासक के द्वारा करवाया गया?
(A) सूर्यवर्मन द्वितीय (II) (B) नोरोदोम सिहानॉक
(C) कुआंग (D) इनमें से कोई नहीं

13. W.T.O (विश्व व्यापार संगठन) की स्थापना किस वर्ग की गई?
(A) 1995 (B) 1994 (C) 1996 (D) इनमें से कोई नहीं

14. सिखों के दसवें और अंतिम गुरु श्री गोबिन्द सिंह का जन्म बिहार के किस नगर में हुआ था?
(A) मुंगेर (B) खगड़िया (C) पटना (D) इनमें से कोई नहीं

15. यूरेनियम का प्रमुख उत्पादक केन्द्र है
(A) डिगबोई (B) झरिया (C) घाटशिला (D) जादूगोड़ा

16. नई आर्थिक नीति में किसे सम्मिलित नहीं किया गया है?
(A) नियंत्रित अर्थव्यवस्था (B) उदारीकरण
(C) वैश्वीकरण (D) इनमें से कोई नहीं

17. निम्न में से कौन बीमारू (BIMARU) राज्य है?
(A) बिहार (B) मध्यप्रदेश (C) ओडिशा (D) इनमें से सभी

18. भारतीय संविधान के अनुच्छेद- 19 में देश के सभी नागरिकों को कौन सा मूल अधिकार दिया गया है?
(A) स्वतंत्रता का अधिकार (B) समानता का अधिकार
(C) संवैधानिक उपचार का अधिकार (D) इनमें से कोई नहीं

19. निम्न में से किसको प्राथमिक क्षेत्र कहा जाता है?
(A) सेवा क्षेत्र (B) कृषि क्षेत्र (C) औद्योगिक क्षेत्र (D) इनमें से कोई नहीं

20. टीपू सुल्तान शासक थे
(A) मैसूर (B) शिमला (C) कश्मीर (D) इनमें से कोई नहीं

A ONLINE SOLUTION

21. साम्प्रदायिक राजनीति आधारित होती है
(A) धर्म पर (B) जाति पर (C) क्षेत्र पर (D) इनमें से कोई नहीं
22. पंचायती राज व्यवस्था सर्वप्रथम किस राज्य में लागू किया गया?
(A) राजस्थान (B) बिहार (C) उत्तराखण्ड (D) मध्यप्रदेश
23. राजनीतिक दलों की मान्यता और उसका चिह्न किसके द्वारा प्रदान किया जाता है?
(A) राष्ट्रपति (B) प्रधानमंत्री
(C) निर्वाचन आयोग (D) इनमें से कोई नहीं
24. भारत का राष्ट्रीय पक्षी है
(A) कबूतर (B) हंस (C) मोर (D) तोता
25. संचार का सबसे लोकप्रिय साधन है
(A) सार्वजनिक टेलीफोन (B) मोबाईल
(C) रेडियो (D) इनमें से कोई नहीं
26. अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस किस तिथि को मनाया जाता है?
(A) 7 मार्च (B) 8 मार्च (C) 9 मार्च (D) 10 मार्च
27. योजना आयोग को भंग कर कौन-सा आयोग बना?
(A) नीति आयोग (B) वित्त आयोग
(C) राज्य वित्त आयोग (D) इनमें से कोई नहीं
28. लोकतंत्र की सफलता निर्भर करती है
(A) नागरिकों की उदासीनता पर (B) नागरिकों की गैर-कानूनी कार्रवाई पर
(C) नागरिकों की विवेकपूर्ण सहभागिता पर (D) इनमें से कोई नहीं
29. भारतीय जनता पार्टी की स्थापना कब हुई?
(A) 1979 (B) 1980 (C) 1981 (D) इनमें से कोई नहीं
30. 'सूचना का अधिकार अधिनियम' कानून कब लागू हुआ?
(A) 2004 (B) 2005 (C) 2006 (D) 2007
31. निम्नलिखित नदियों में से किसे 'बिहार का शोक' कहा जाता है?
(A) गंगा (B) गंडक (C) कोसी (D) पुनपुन
32. वृहद क्षेत्र में जल की उपस्थिति के कारण ही पृथ्वी को कहते हैं।
(A) उजला ग्रह (B) नीला ग्रह (C) लाल ग्रह (D) हरा ग्रह
33. प्राथमिक ऊर्जा का उदाहरण कौन-सा नहीं है?
(A) कोयला (B) विद्युत (C) पेट्रोलियम (D) प्राकृतिक गैस
34. भारत में वित्तीय वर्ष होता है
(A) 1 जनवरी से 31 दिसंबर तक (B) 1 जुलाई से 30 जून तक
(C) 1 अप्रैल से 31 मार्च तक (D) इनमें से कोई नहीं
35. इनमें से कौन सा संस्थागत वित्त का साधन है?
(A) सेठ-साहूकार (B) रिश्तेदार
(C) व्यावसायिक बैंक (D) इनमें से कोई नहीं
36. संजय गाँधी जैविक उद्यान किस नगर में स्थित है?
(A) राजगीर (B) बोधगया (C) बिहार शरीफ (D) पटना
37. निम्नलिखित उद्योगों में से कौन-सी कृषि पर आधारित नहीं है?
(A) सूती वस्त्र (B) सीमेंट (C) चीनी (D) जूट वस्त्र
38. सौर ऊर्जा निम्नलिखित में से कौन-सा संसाधन है?
(A) मानवकृत (B) नवीकरणीय (C) अजैव (D) अनवीकरणीय
39. चावल है
(A) खरीफ फसल (B) रबी फसल (C) जायद फसल (D) इनमें से कोई नहीं
40. राष्ट्रीय विकास परिषद का गठन कब हुआ था?
(A) 1950 (B) 1951 (C) 1952 (D) इनमें से कोई नहीं

A ONLINE SOLUTION

## खण्ड-ब (विषयनिष्ठ प्रश्न)

### इतिहास (History)

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 1 से 5 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं तीन प्रश्नों का उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।** 3×2=6

1. मेजिनी कौन था?
2. पूँजीवाद क्या है?
3. हिन्द-चीन में फ्रांसीसी प्रसार का वर्णन करें।
4. न्यूनतम मजदूरी कानून कब पारित हुआ और इसके क्या उद्देश्य थे?
5. छापाखाना यूरोप में कैसे प्रारंभ हुआ?

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 6 से 7 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किसी एक प्रश्न का उत्तर दें।** 4×1=4

6. रूसी क्रांति के कारणों की विवेचना करें।
7. भूमंडलीकरण के कारण आमलोगों के जीवन में आने वाले परिवर्तनों को स्पष्ट करें।

### राजनीति विज्ञान (Political Science)

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 8 से 13 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।** 2×2=4

8. सामाजिक विभाजन से आप क्या समझते हैं?
9. राजनीति दल लोकतंत्र में क्यों आवश्यक है?
10. संघीय शासन की दो विशेषताएँ बताएँ।
11. सांप्रदायिकता क्या है?
12. पंचायती राज क्या है?
13. दबाव-समूह की परिभाषा दें।

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 14 से 15 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किसी एक प्रश्न का उत्तर दें।** 4×1=4

14. भारतीय लोकतंत्र की दो चुनौतियों का वर्णन करें।
15. 'सूचना के अधिकार अधिनियम-2005' का संक्षिप्त विवरण अपने शब्दों में दें।

### अर्थशास्त्र (Economics)

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 16 से 18 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं दो प्रश्न का उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।** 2×2=4

16. अर्थव्यवस्था किसे कहते हैं?
17. प्रति-व्यक्ति आय क्या है?
18. वस्तु-विनिमय क्या है?

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 19 से 20 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किसी एक प्रश्न का उत्तर दें।** 4×1=4

19. व्यावसायिक बैंक के प्रमुख कार्यों की विवेचना करें।
20. वैश्वीकरण के बिहार पर पड़े प्रभावों को बताएँ।

### भूगोल (Geography)

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 21 से 25 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं तीन प्रश्न का उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।** 3×2=6

21. संसाधन को परिभाषित कीजिए।
22. जल संसाधन के क्या उपयोग है?
23. वन्य जीवों के ह्रास के लिए उत्तरदायी चार प्रमुख कारकों का उल्लेख करें।
24. झारखण्ड के मुख्य लौह अयस्क खनन केन्द्रों के नाम लिखिए।

A ONLINE SOLUTION

25. भारतीय कृषि की पाँच प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख करें।

निर्देश : प्रश्न-संख्या 26 से 27 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किसी एक प्रश्न का उत्तर दें। $4 \times 1 = 4$

26. जैव विविधता क्या है? यह मानव के लिए क्यों महत्त्वपूर्ण है?
27. धात्विक एवं अधात्विक खनिजों में अंतर क्या है?

## आपदा प्रबंधन (Digaster Management)

निर्देश : प्रश्न-संख्या 28 से 31 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित हैं। $2 \times 2 = 4$

28. भूकम्प के प्रभावों को कम करने वाले चार उपायों का उल्लेख करें।
29. आग-आपदा के समय कौन से उपाय करना चाहिए?
30. सुखाड़ के लिए उत्तरदायी कारकों की विवेचना करें।
31. भू-स्खलन क्या है?

## उत्तर (Answers)

### खण्ड-अ (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (C) | 2. (A) | 3. (C) | 4. (A) | 5. (A) | 6. (B) | 7. (B) |
| 8. (A) | 9. (B) | 10. (A) | 11. (B) | 12. (A) | 13. (A) | 14. (C) |
| 15. (D) | 16. (A) | 17. (D) | 18. (A) | 19. (B) | 20. (A) | 21. (A) |
| 22. (A) | 23. (C) | 24. (C) | 25. (B) | 26. (B) | 27. (A) | 28. (C) |
| 29. (B) | 30. (B) | 31. (C) | 32. (B) | 33. (B) | 34. (C) | 35. (C) |
| 36. (D) | 37. (B) | 38. (B) | 39. (A) | 40. (C) | | |

### खण्ड-ब (विषयनिष्ठ प्रश्न)

1. मेजिनी को जर्मनी के एकीकरण का मसीहा कहा जाता है। मेजिनी साहित्यकार, गणतांत्रिक विचारों का समर्थक और योग्य सेनापति था। मेजिनी ने ही एकीकरण के मार्ग को प्रशस्त किया। जो आगे चलकर काबूर गैरीबाल्डी एवं विक्टर एमैनुअल ने पूरा किया।

2. 19वीं शताब्दी में औद्योगिक क्रांति के फलस्वरूप ही समाज में पूँजीपति वर्गों का उदय हुआ। पूँजीवादी शासन व्यवस्था में संपूर्ण शासन की कमान पूँजीपतियों के हाथों में होता है। और इसका लाभ पूँजीपति वर्ग अपने लिए एवं अपने सहयोगियों के लिए करता है।

3. हिन्द-चीन के अंतर्गत लाओस, कम्बोडिया और वियतनाम के क्षेत्र आते हैं। इस क्षेत्र में आने वाले पहला यूरोपीय देश पुर्तगाल था, लेकिन इस क्षेत्र में प्रसार करने का अवसर फ्रांस को ही मिला। इन क्षेत्रों में फ्रांसीसियों को छोड़कर किसी ने भी इन भू-भागों पर अपना प्रभुत्व कायम करने का प्रयास नहीं किया। 17वीं शताब्दी में बहुत से फ्रांसीसी व्यापारी हिन्द-चीन पहुँच गए। इस तरह संपूर्ण हिन्द चीन में फ्रांसीसियों का प्रसार हो गया।

4. सरकार ने 1948 ई० में न्यूनतम मजदूरी कानून पारित किया गया जिसके अंतर्गत कुछ उद्योगों में मजदूरी की दरें निश्चित की गईं। दूसरी पंचवर्षीय योजना में कहा गया कि न्यूनतम मजदूरी ऐसी होनी चाहिए जिससे मजदूर केवल अपना ही गुजारा नहीं, बल्कि इससे भी कुछ और अधिक हो ताकि वह अपनी कुशलता को भी बनाये रख सके। तीसरी पंचवर्षीय योजना में मजदूरों को बोनस देने के लिए बोनस आयोग की भी नियुक्ति हुई।

5. छापाखाना मार्डज नगर से निकलकर जर्मनी के स्टासबुर्ग में 1458 में पहुँचा। 1465 में कोलोन 1468 में ऑग्सबर्ग, 1470 में न्यूरेमबर्ग, 1482 में लिपजिना और वियना में पहुँचा। जर्मनी के इन शहरों में नए छापेखाने खुले। दो जर्मन मुद्रकों ने मिलकर इटली के रोमनगर में 1464 में पहला छापाखाना खोला। 1469 में एक अन्य जर्मन मुद्रक ने इटली के वेनिस नगर में छापाखाना खोला। इसके अतिरिक्त यूरोप के अन्य देशों में छापाखाना खुले।

6. बीसवीं शताब्दी के इतिहास की एक महत्त्वपूर्ण घटना रूस की क्रांति थी। इस क्रांति ने रूस के सम्राट अथवा जार के एकतंत्रीय निरंकुश शासन का अंत कर लोकतंत्रीय शासन व्यवस्था स्थापित करने का प्रयास भी किया इस क्रांति के प्रमुख कारण निम्न हैं—

A ONLINE SOLUTION

(i) **जार की निरंकुशता एवं अयोग्य शासन** : 1917 से पूर्व रूस में रोमनोव-राजवंश का शासन था। इस समय रूस के सम्राट को जार कहा जाता था। जार इतना निरंकुश था कि वहाँ की जनता तंग आ चुकी थी। राजा को जनता की सुख-दु:ख की कतई चिन्ता नहीं थी इस तरह तंग आकर जनता में क्रांति करने का निर्णय लिया।

(ii) **कृषकों की दयनीय स्थिति** : रूस में जनसंख्या का बहुसंख्यक भाग कृषक ही थे, परंतु उसकी स्थिति अत्यंत दयनीय की। 1861 ई० में जार एलेक्जेंडर द्वितीय के द्वारा कृषि दासता समाप्त कर दी गई थी। परंतु इससे किसानों की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ था। उनके खेत बहुत छोटे-छोटे थे, जिन पर वे पुराने ढंग से खेती करते थे। उनके पास पूँजी का भी अभाव था करों के बोझ से वे दबे हुए थे। ऐसे में किसानों के पास क्रांति के सिवाय कोई चारा नहीं था।

(iii) **मजदूरों की दयनीय स्थिति** : रूस में मजदूरों की स्थिति दयनीय थी। उन्हें अधिक काम करना पड़ता था, परंतु उनकी मजदूरी काफी कम थी। मजदूरों को कोई राजनैतिक अधिकार नहीं थे। वे अपनी माँगों के समर्थन में वे हड़ताल भी नहीं कर सकते थे।

(iv) **औद्योगिकरण की समस्या** : रूसी औद्योगीकरण पश्चिमी पूँजीवादी औद्योगीकरण से भिन्न था। यहाँ राष्ट्रीय पूँजी का अभाव था। विदेशी पूँजीपति आर्थिक शोषण को बढ़ावा दे रहे थे। अत: चारों ओर असंतोष व्याप्त था।

(v) **रूसीकरण की नीति** : सोवियत रूस विभिन्न राष्ट्रीयताओं का देश था। यहाँ मुख्यत: स्लाव जाति के लोग रहते थे। इनके अतिरिक्त फिन पोल, जर्मन, यहूदी आदि अन्य जातियों के लोग रहते थे वे भिन्न-भिन्न भाषा बोलते थे। रूस के अल्पसंख्यक समूह रूसीकरण की नीति से परेशान था। 1863 में इस नीति के विरुद्ध पोलो ने विद्रोह किया।

7. 2017 (A) (द्वितीय पाली) के प्रश्न-संख्या 8 (अथवा) का उत्तर देखें।

8. लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था में सामाजिक विभाजन के विभिन्न स्वरूप होते हैं। क्षेत्रीय भावना के आधार पर सामाजिक बँटवारा और भेदभाव होता है। नस्ल या रंग के आधार पर, क्षेत्रीयता और भाषा के आधार पर भी सामाजिक विभाजन होता है।

9. राजनीतिक दल को लोकतंत्र का प्राण कहा जाता है। राजनीतिक दल लोकतंत्र के लिए अति आवश्यक है, क्योंकि राजनीतिक दल ही सरकार का निर्माण करता है। और साथ ही राजनीतिक दल ही देश के आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक विकास के साथ-साथ देश के जन-कल्याणकारी कार्य भी करता है। इस लिए राजनीतिक दल लोकतंत्र के लिए अति-आवश्यक है।

10. 2011 (A) के प्रश्न-संख्या 30 का उत्तर देखें।

11. राजनीति में धर्म को इस्तेमाल करना ही साम्प्रदायिकता कहलाता है। अर्थात् धर्म ही समुदाय का निर्माण करती है तो साम्प्रदायिक राजनीति जन्म लेने लगती है और इस अवधारणा पर आधारित सोच ही साम्प्रदायिकता है।

12. पंचायती राज व्यवस्था की शुरुआत 2 अक्टूबर 1959 ई० को राजस्थान के नागौर जिले से शुरू हुई। पंचायती राज व्यवस्था का स्वरूप त्रि-स्तरीय है। इसमें सत्ता को पंचायती स्तर पर प्रखण्ड स्तर पर एवं जिला स्तर पर विभाजित कर दिया जाता है।

13. दबाव-समूह व्यवस्था की शुरुआत अमेरिका से हुई। दबाव समूह राजनीतिक दल को परोक्ष रूप से दबाव बनाकर अपने हित समूह के लिए काम करता है। दबाव समूह राजनीतिक दल को चुनाव के पूर्व भी अनेक प्रकार की सहायता प्रदान करता है। एवं सरकार बनने के बाद उस पर दबाव डालकर अपना काम करवाता है।

14. लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था में शासन का संचालन किसी-न-किसी राजनीतिक दल द्वारा किया जाता है। जहाँ शासन-व्यवस्था में जनता की इच्छा एवं आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं होती है तो इसकी सारी जिम्मेवारी राजनीतिक दलों पर ही होती है। राजनीतिक दलों के ये चुनौतियाँ निम्नलिखित हैं—

(i) **आंतरिक लोकतंत्र की कमी** : लोकतांत्रिक देशों के राजनीतिक दलों के सभी अधिकार एक व्यक्ति में या कुछ व्यक्तियों के समूह में सिमट गए हैं। दलों के अंदर लिए जाने वाले निर्णयों में दलों के सभी सदस्यों से सहमति नहीं ली जाती है। दलों के विभिन्न पदों पर दल के ही प्रमुख नेताओं एवं उनके सगे-संबंधियों का कब्जा होता है। भारत जैसे देश में राजनीतिक दलों के अंदर लोकतांत्रिक व्यवस्था का अभाव है जो उनके लिए गंभीर चुनौती है।

(ii) **नेतृत्व का संकट** : प्राय: भारत के सभी राजनीतिक दलों में नेतृत्व का संकट है। सही अर्थ में आज अधिकांश राजनीतिक दलों में कोई ऐसा नेता नहीं है जो सर्वमान्य हो और वह दल को सही दिशा दे सके। इसके अलावा राजनीतिक दलों में युवा एवं महिला नेतृत्व का भी अभाव देखा गया है। युवाओं की राजनीति में अपना भविष्य सुरक्षित नहीं लगता है। फलत: राजनीतिक दलों में नेतृत्व का संकट हो गया है।

A ONLINE SOLUTION

15. 2015 (A) (प्रथम पाली) के प्रश्न-संख्या 20 का उत्तर देखें।
16. 2013 (A) के प्रश्न-संख्या 24 का उत्तर देखें।
17. 2013 (A) के प्रश्न-संख्या 25 का उत्तर देखें।
18. 2015 (A) (प्रथम पाली) के प्रश्न-संख्या 26 का उत्तर देखें।
19. 2015 (A) (प्रथम पाली) के प्रश्न-संख्या 27 का उत्तर देखें।
20. 2013 (A) के प्रश्न-संख्या 27 (अथवा) का उत्तर देखें।
21. 2015 (A) (प्रथम पाली) के प्रश्न-संख्या 14 का उत्तर देखें।
22. 2017 (A) (प्रथम पाली) के प्रश्न-संख्या 12 का उत्तर देखें।
23. 2015 (A) (प्रथम पाली) के प्रश्न-संख्या 12 का उत्तर देखें।
24. झारखण्ड के चार मुख्य लौह-अयस्क खनन केन्द्र निम्न हैं—(i) पू॰ एवं प॰ सिंहभूम (ii) सरायकेला (iii) पलामू (iv) धनबाद (v) हजारीबाग (vi) लोहरदगा (vi) राँची इत्यादि।
25. 2013 (A) के प्रश्न-संख्या 12 का उत्तर देखें।
26. जैव विविधता से हमारा तात्पर्य है, पृथ्वी पर अनेक प्रकार के जीव जंतुओं एवं वन्य प्राणी तथा इन सबों के लिए जो व्यवस्थाएँ उपलब्ध होती हैं। वह जैव विविधता कहलाती है।

जैव विविधता मानव के लिए अति महत्त्वपूर्ण है—

पटना का संजय गाँधी जैविक उद्यान में अनेक प्रकार के जीव-जंतुओं एवं विभिन्न प्रकार के औषधीय पौधे हैं। वास्तव में स्थानीय स्तर पर यह जैविक उद्यान जैव-विविधता का ही प्रतिनिधित्व करता है। हमारा देश जैव-विविधता के संदर्भ में विश्व के सर्वाधिक समृद्ध देशों में से एक है। इसकी गणना विश्व के 12 विशाल जैविक विविधता वाले देशों में की जाती है। यहाँ विश्व की सारी जैव उप जातियाँ का आठ प्रतिशत जनसंख्या पाई जाती है। इस भूमंडल पर पेड़-पौधे एवं जीव-जंतु की जातियों प्रजातियाँ संख्या से कहीं अधिक होने की संभावनाएँ हैं। हमारा देश जैविक विविधता में समृद्ध देश है। सबसे समृद्ध जैव विविधता वाला क्षेत्र पश्चिमी घाट और उत्तर पूर्वी भारत है। यूनेष्को के सहयोग से भारत में 14 जैवमण्डल आरक्षित क्षेत्र की स्थापना की गई है।

27. धात्विक एवं अधात्विक खनिजों में अंतर—

| धात्विक खनिज | अधात्विक खनिज |
|---|---|
| (i) धात्विक खनिजों को गलाने पर धातु प्राप्त होता है। | (i) अधात्विक खनिज को गलाने पर धातु प्राप्त नहीं हो सकता। |
| (ii) ये कठोर एवं चमक़ीले होते हैं। | (ii) इनकी अपनी चमक होती है। |
| (iii) ये प्राय: आग्नेय चट्टानों में मिलते हैं। | (iii) ये प्राय: परतदार चट्टानों में मिलते हैं। |
| (iv) इन्हें पीटकर तार बनाया जा सकता है। ये पीटने पर टूटते नहीं हैं। | (iv) इन्हें पीटकर तार नहीं बनाया जा सकता है। ये पीटने पर चूर-चूर हो जाते हैं। |

28. 2014 (A) (द्वितीय पाली) के प्रश्न-संख्या 30 का उत्तर देखें।
29. शुष्क गर्मी ऋतु में गाँव के गाँव का आग से स्वाहा हो जाना आपदा का ही एक रूप है। ऐसी आपदा से बचने के उपाय निम्नलिखित है।

(i) आग में फँसे हुए लोगों को बाहर निकालना

(ii) घायलों को तत्काल प्राथमिक उपचार देकर अस्पताल पहुँचाना। प्राथमिक उपचार में ठंडा पानी डालना, बर्फ से सहलाना एवं बरनौल जैसे औषधि का उपयोग करना।

(iii) आग के फैलाव को रोकना, जिसके लिए नजदीक में उपलब्ध बालू, मिट्टी, अगर तालाब हो तो तालाब के जल का उपयोग। अग्निशामक दल को बुलाना इत्यादि।

30. 2014 (A) (द्वितीय पाली) के प्रश्न-संख्या 28 का उत्तर देखें।
31. गुरुत्व की शक्ति से मृदा या अपक्षयी शैल पदार्थों के ढालों पर नीचे खिसकने की प्रक्रिया को भू-स्खलन कहते है। इसके अनेक रूप होते हैं—(i) बारिश के पानी के साथ मिट्टी और कचड़े का नीचे आना (ii) कंकड़-पत्थरों का खिसकना (iii) कंकड़-पत्थर का गिरना (iv) चट्टानों का खिसकना और (v) चट्टानों का गिरना।

A ONLINE SOLUTION